आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार– 29.03.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर बड़ी आवश्यकता है और सरकार सभी गांवों तक डिजिटल सुविधाएं पहुंचा रही है।
- लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन के बाद प्रदेश में राजनीतिक पार्टियों का प्रचार अभियान तेज।
- प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कल तेज आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट।
- केंद्र सरकार ने सभी व्यापारियों और खुदरा विक्रेताओं को सोमवार से गेहूं की स्टॉक स्थिति अनिवार्य रूप से घोषित करने का आदेश दिया।

.........

पब्लिक इंफ्रास्टक्चर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने आप में एक बड़ी आवश्यकता है और सरकार सभी गांवों तक डिजिटल सुविधाएं पहुंचा रही है। बिल गेटस के साथ बातचीत में श्री मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा में अपनी बडी भूमिका निभा सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने एकाधिकार को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी लोकतंत्रीकरण किया है। यह जनता द्वारा और जनता के लिए है। श्री मोदी ने कहा कि भारत में महिलाएं नई तकनीक अपनाने के लिए स्वतंत्र हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना बहुत सफलतापूर्वक चल रही है। इन योजनाओं ने महिलाओं की मानसिकता को बहुत बदल दिया है। ए.आई के दुरुपयोग पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए श्री मोदी ने कहा कि ए.आई बिना उचित प्रशिक्षण के किसी को दे दी जाए तो इसके दुरुपयोग होने की संभावना है। ए. आई जनित सामग्री पर स्पष्ट वाटर मार्क होना चाहिए, जिससे कोई भी गुमराह ना हो।

लोकसभा चुनाव–उत्तराखण्ड

लोकसभा चुनाव में उत्तराखण्ड से सभी नामांकन पत्रों की जांच पूरी कर ली गई है। कुल प्राप्त 63 नामांकन में से 56 नामांकन सही पाए गए हैं। हरिद्वार लोकसभा सीट से सात नामांकन गलत पाए गए, जिन्हें निरस्त कर दिया गया। जिन उम्मीदवारों के नामांकन सही पाए गए हैं वे कल शाम तीन बजे तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। नामांकन वापसी की समय सीमा समाप्त होने के साथ ही राज्य की पांचों लोकसभा सीटों से चुनाव में भागीदारी करने वाले उम्मीदवारों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन होने के बाद से प्रदेश में राजनीतिक पार्टियों ने अपने प्रचार अभियान को तेज कर दिया है। भाजपा, कांग्रेस, उत्तराखंड क्रांति दल, बहुजन समाजवादी पार्टी और अन्य राजनीतिक दलों के साथ ही निर्दलयी प्रत्याशी मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। भाजपा नेता व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले के थराली में गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी के समर्थन में रोड शो निकाला। इस दौरान श्री धामी ने क्षेत्रीय जनता से अनिल बलूनी के पक्ष में मतदान कर भाजपा को जीताने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने इसके बाद उत्तरकाशी के पुरोला में टिहरी से भाजपा उम्मीदवार मालाराज्य लक्ष्मीशाह के समर्थन में रोड शो किया। उधर, टिहरी लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला ने मसूरी विधानसभा के सुवाखोली में जनसंपर्क करते हुए लोगों से उनकी दैनिक समस्याओं के बारें में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने जनता से अपने पक्ष में समर्थन मांगा। वहीं, कांग्रेस पार्टी के अल्मोड़ा सीट से उम्मीदवार प्रदीप टम्टा ने कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ जागेश्वर विधानसभा के लमगड़ा क्षेत्र में जनसंपर्क किया। श्री टम्टा ने कहा कि उन्हें जनता की ओर से समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कांग्रेस की जीत का दावा करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड की जनता इस बार परिवर्तन का मन बना चुकी है।

होमगार्ड्स तैनाती

लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए उत्तरप्रदेश के नौ हजार होमगाड्र्स राज्य में अपनी सेवांए देंगे। प्रदेश के संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस, वन और खनन विभाग के सयुंक्त दल निगरानी भी करेंगे। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने वर्चुअल माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में आयोजित नौ राज्यों की अंतरराज्यीय सीमा समन्वय बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में मुख्य सचिव ने हिमाचल प्रदेश से राज्य की सीमा से लगते सिरमौर और शिमला जिलों में उड़न दस्ता दल और स्थैतिक निगरानी दल को सक्रिय करने का अनुरोध किया गया।

स्वीप

लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए स्वीप के तहत चमोली में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वीप टीम ने आज जनजातिय और ट्रांसजेडर मतदाताओं से संवाद कर उन्हे मताधिकार के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही टीम की ओर से बद्रीनाथ विधानसभा के क्षेत्रपाल, भीमतल्ला, बिरही, मायापुर, पीपलकोटी, पाखी, सहित विभिन्न स्थानों में जागरुकता अभियान संचालित किया गया। वहीं, दिव्यांग मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से गोपेश्वर, घिंघराण, चमोली, मैठाणा, नंदप्रयाग, सोलना क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरुक किया गया। टीम की ओर से मतदाताओं को सक्षम एप के माध्यम से दी जाने वाली सुविधाओं और पंजीकरण के विषय में भी जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण

उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद, प्रदेश की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए अभिनव प्रयास कर रहा है। इसके तहत परिषद, राज्य की महिलाओं को निःशुल्क रिवर राफ्टिंग गाइड का प्रशिक्षण दे रहा है। उत्तराखंड पर्यटन सचिव और पर्यटन विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सचिन कुर्वे ने बताया कि नारी नौका कोर्स–2024 न केवल साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएगा बल्कि महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देगा। गौरतलब है कि देवप्रयाग में गंगा नदी में नारी नौका कोर्स संचालित किया

जा रहा है। प्रशिक्षण में हिस्सा लेने वाली महिलाओं को व्यावसायिक रिवर राफ्टिंग क्षेत्र में कार्यरत पंजीकृत फर्मों के माध्यम से तीन माह का अतिरिक्त प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

जल स्रोत संरक्षण

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने प्राकृतिक जल स्रोतों और नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए व्यापक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग एक सप्ताह में इसके लिए आवश्यक आंकड़े व जरूरी सूचनाएं उपलब्ध करवाए। मुख्य सचिव ने भविष्य में परियोजनाओं के निर्माण के दौरान उनके पास के जलस्रोतों में पानी की बढोतरी का आंकलन करने को भी कहा। उन्होंने प्रदेश में भूमिगत जल की मैपिंग का कार्य भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

आदेश

सरकार ने गेहूं के भंडारण को अनिवार्य रूप से घोषित करने का आदेश दिया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने आज कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बडे खुदरा विक्रेताओं और प्रोसेसरों को एक अप्रैल से अगले आदेश तक गेहूं की अपनी भंडारण की स्थिति घोषित करनी होगी। समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और जमाखोरी और बेईमान सट्टेबाजी को रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

मौसम

अब एक नजर मौसम पर....... मौसम विभाग ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में कल तेज आंधी के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के अनुसार, राज्य के सभी जिलों में कल कहीं–कहीं 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघण्टा की रफ्तार से तूफान और बारिश के साथ ही ओलावृष्टि भी हो सकती है। मौसम विभाग ने इस दौरान राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना भी जताई है। विभाग ने आंधी और ओलावृष्टि की संभावना के मद्देनजर आम जनता को सर्तक रहने को कहा है।

ऑनलाइन पंजीकरण

बदरीनाथ और केदारनाथ धाम यात्रा लिए अप्रैल माह के पहले सप्ताह से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो जांएगे। गढ़वाल मंडल के आयुक्त विनय शंकर पांडे ने कहा कि इस वर्ष यात्रियों को इलेक्ट्रानिक टोकन उपलब्ध करवाए जाएंगे। टोकन लेने के बाद यात्री वाताकनुकूलित कक्ष में बैठक कर पंजीकरण के लिए अपनी बारी कर इंतजार कर सकेंगे। गौरतलब है कि पिछले साल तक पंजीकरण के लिए यात्रियों को घंटों लाइन में लगना पड़ता था। इस बीच, गढ़वाल आयुक्त ने चारधाम से जुड़े सभी जिलाधिकारियों को यात्रा व्यवस्था चाक–चौबंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रा मार्ग पर पेयजल, शौचालय और रास्तों की मरम्मत का कार्य जल्द पूरा करने को कहा। श्री पांडे ने बताया कि केदारधाम हेलीपैड तक पैदल मार्ग से बर्फ हटा ली गई है और अब इस मार्ग पर घोड़े–खच्चरों की आवाजाही शुरू हो जाएगी।

जी.ई.एम–कारोबार

सरकारी ई–मार्केट केन्द्र– जी.ई.एम. पर चालू वित्त वर्ष में रिकॉर्ड चार लाख करोड रुपये का सकल कारोबार हुआ। यह पिछले वित्त वर्ष की तुलना में दोगुना है। आज नई दिल्ली में जी.ई.एम. के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पी.के सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि इससे जी.ई.एम. पोर्टल की अनूठी डिजिटल क्षमताओं और कार्यक्षमताओं का पता चलता है। इससे पुष्टि हुई है कि सार्वजनिक खरीद में ज्यादा दक्षता, पारदर्शिता और बिना किसी बाधा के कारोबार होता है। उन्होंने कहा कि इस सकल कारोबार में लगभग पचास प्रतिशत योगदान सेवाओं की खरीद का है।

केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश

केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए पंजीकरण पहली अप्रैल से शुरू हो जाएंगे। केंद्रीय विद्यालय संगठन ने इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अनुसार एक अप्रैल को सुबह आठ बजे से 15 अप्रैल शाम पांच बजे तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए जा सकते हैं। कक्षा दो में प्रवेश के लिए 1 से 10 अप्रैल तक पंजीकरण होंगे।

एम्स कार्यशाला

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश में चिकित्सा शिक्षा व शोध के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए गुड क्लिनिकल प्रेक्टिस विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई है। इसका उद्देश्य क्लीनिकल समझ को मजबूत करना है। एम्स ऋषिकेश की निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा के समकालीन प्रबंधन में साक्ष्य आधारित चिकित्सा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में लगातार शोध से ही लोगों को अच्छा स्वास्थ्य दिया जा सकता है।

गुड फ्राइडे

आज गुड फ्राइडे है। विश्वभर में गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही हैं। यीशु मसीह क्राइस्ट को इस दिन सूली पर लटकाया गया था। उन्होंने मानवता के प्रति प्रेम के लिए  कुर्बानी दी थी। गुड फ्राइडे को होली फ्राइडे, ग्रेट फ्राइडे, ब्लैक फ्राइडे और ईस्टर फ्राइडे के नाम से भी जाना जाता है। गुड फ्राइडे के बाद दूसरे दिन रविवार को यीशु मसीह पुनः जीवति हो गए थे जिसे ईस्टर के रूप में मनाया जाता है।

.........